**समय : २ घंटे** **पूर्णांक - ६०**

सूचना :- १. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्रश्न-१. निम्नलिखित में से किन्ही **दो** अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **२०**

**क]** शीलों का बयान जारी है, " जमीन जायदाद की बात रहने दो कि यह मामला तो अब भी हमारे-तुम्हारे बीच ही है। बाबूजी,बालकिशन सिरफ अपने हिस्से का मालिक है। वह कौन होता है हमारे तुम्हारे हिस्से में टांग अड़ानेवाला ? "

**ख]** 'तुम्हारे बहुत से आदमी मारे गए हैं। तुरंत भाग जाओ। वरन, सब के सब भून दिये जाओगे।' स्टोक्ले ने बेलहेलर के माइक से धमकी दी।

**ग]** **"** मैं जनता हूँ
उनका अंत होगा
अपने ही बनाए जाल में
मकड़ी की तरह "

प्रश्न-२. निम्नलिखित में से किन्ही **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **३०**

घ] 'धूणी तपे तीर' उपन्यास में वर्णित गुरु गोविंद के कार्य को विस्तार से लिखिए।

च] 'जो मेरा कभी नहीं हुआ' कविता का भावार्थ समझाइए।

छ] 'झूला नट' उपन्यास शीलो और उसकी 'स्त्री-शक्ति' को फोकस करती है, स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-३. [अ] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **०५**

ज] शीलो भाभी के एक हाथ में कितनी उंगलियां थी ?

झ] झूला नट के केंद्र में कौनसा स्त्री पात्र है ?

ट] फर्जी मुठभेड़ों में कौन मारे जाएंगे ?

ठ] विनाशकरी साज़िशों के निशान कहाँ मौजूद है ?

ड] महारावल विजयसिंह को शासन के अधिकार किसने नहीं दिये ?

[आ] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए। ०५

ढ] 'धुणी तपे तीर' उपन्यास में इनके संघर्ष को वाणी दी है -

१] स्त्रियों के २] कश्मीरी पंडित के

३] आदिवासियों के ४] वृद्धों के

ण] गोविंद गुरु के गुरु का नाम क्या है?

१) हरिराम मीणा २) विजयसिंग सिंह

३) राजगिरी गोसाई ४) पंजा धीरा

त] पंचायत शीलो से क्या करने के लिए कहती है?

१] बछिया दान २] गोद बैठाई

३] सुमेर से तलाक ४] जमीन जायदाद से बेदखल होना

थ] इतिहास के पृष्ठ क्या दर्ज करने के लिए कहते है ?

१] इतिहास २] छद्म शब्द

३] टुच्चे लोगों की असलियत ४] अपने अंगूठे का निशान

द] सड़क चलते आदमी को कौन छलनी कर देता है ?

१] बुरे लोग २] डाकू

३] जाति नमक नुकीला औज़ार ४] आदिम सभ्यता